संख्या-14/2016/634/57-2016-51(जी)/2013 टी0सी0-2

प्रेषक,

एस0एन0 शुक्ल,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
उ0 प्र0 पर्यटन निदेशालय,
लखनऊ।

धर्मार्थ कार्य अनुभाग लखनऊ दिनांक: 19 जुलाई, 2016

विषय: भारतीय रेल के आई0आर0सी0टी0सी0 के सहयोग से प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क धार्मिक यात्रा कराये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में आई0आर0सी0टी0सी0 के सहयोग से प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों की नि:शुल्क समाजवादी श्रवण यात्रा कराये जाने हेतु कुल रू0-1,64,43,000/- (रू0- एक करोड चौसठ लाख तैतालिस हजार मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-84 के लेखाशीर्षक-2250-अन्य सामाजिक सेवायें-101-धर्मार्थ प्रयोजनों के लिये दान-05- प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

3- इस संबंध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त धनराशि रू0-1,64,43,000/- (रू0- एक करोड चौसठ लाख तैतालिस हजार मात्र) का भुगतान शासन की विज्ञप्ति संख्या-13/2016/628/2016/57-2016-51(जी)/2013 दिनांक-13 जुलाई, 2016 एवं आई0आर0सी0टी0सी0 के पत्र संख्या- 2013/IRCTC/RO/LKO/TOUR/UPG, दिनांक- 08-07-2016 के संदर्भ में वाराणसी से होने वाली **द्वारिका,**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

सोमनाथ एवं नागेश्वर (गुजरात) की यात्रा हेतु आई0आर0सी0टी0सी0 के पक्ष में करने का कष्ट करें।

यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22 मार्च, 2016 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे है।

भवदीय,
एस0एन0शुक्ल
प्रमुख सचिव।

संख्या-14/2016/634(1)/57-2016-51(जी)/2013टी0सी0-2

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, इलाहाबाद, उ0 प्र0।
2- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, उ0 प्र0।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5 उ0 प्र0 शासन।
5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
6- मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, आई0आर0सी0टी0सी0, लखनऊ।
7- सामान्य प्रशासन अनुभाग, उ0 प्र0 शासन।
8- विभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,
अशोक कुमार तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।